नई शिक्षा नीति के सिलेबस तैयार करने के दिए निर्देश

संस्थानों की उदासीनता पर कुलपति हुए नाराज

देहरादून। वीर माधोसिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विवि (यूटीयू) की बोर्ड ऑफ स्टडीज की शनिवार को ऑनलाइन बैठक कुलपति प्रो. ओंकार सिंह की अध्यक्षता में हुई, जिसमें द्वितीय वर्ष से अंतिम वर्ष तक के सभी पाठ्यक्रमों को तैयार करने के संबंध में चर्चा की गई। इस दौरान कुलपति ने संस्थानों के निदेशकों को पाठ्यक्रमों को नई शिक्षा नीति के तहत सिलेबस तैयार करने के निर्देश दिए।

कुलपति प्रो. सिंह ने डेवेलपमेंट गोल्स के संदर्भ में संस्थानों की उदासीनता और लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए कहा कि ऐसे छात्रों और संस्थानों का विकास किस प्रकार से हो पाएगा। कहा कि इस बाबत सभी जरूरी कार्यवाही करते हुए बीओएस की ऑफलाइन बैठक दिसंबर, 2022 के प्रथम सप्ताह में होगी, जिससे पाठ्यक्रम निर्माण का कार्य दिसंबर तक सम्पन्न किया जा सके।

कुलपति ने संस्थान निदेशकों से वर्तमान में संचालित हो रही कक्षाओं में पठन-पाठन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि यदि सिलेबस पूरा करने के लिए अतिरिक्त कक्षाएं संचालित करने की जरूरत हो, तो कक्षाएं भी संचालित की जाएं, ताकि समय पर सेमेस्टर की परीक्षाएं कराई जा सकें।

कुलपति ने संस्थानों से कहा कि प्रथम वर्ष के लिए बनाए गए नए पाठ्यक्रम एवं ऑर्डिनेंसेज के बारे में छात्र-छात्राओं को अनिवार्य रूप से अवगत कराएं। छात्रों को नए पाठ्यक्रम और ऑर्डिनेंसेज में दिए गए नए नियमों की जानकारी हो और उसके अनुरूप अपनी पढ़ाई कर सकें।

निदेशकों से कहा कि छात्र-छात्राओं की कक्षाओं में उपस्थिति, न्यूनतम उपस्थिति के मानकों का अनिवार्य रूप से पालन करवाया जाए। कहा कि अपने स्तर पर सस्टेनेबल डेबेलपमेंट गोल चिह्नित करें। साथ ही उनका समाधान ढूंढने के लिए प्रोजेक्ट और अन्य गतिविधियों के माध्यम से कार्य करें। संवाद

पीसीएस मुख्य परीक्षा के लिए बढ़ाई आवेदन तिथि

देहरादून। लोक सेवा आयोग ने पीसीएस मुख्य परीक्षा के लिए आवेदन तिथि बढ़ाई है। अब प्रारंभिक परीक्षा में चयनित अभ्यर्थी 31 अक्तूबर तक आवेदन कर सकेंगे, जबकि परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि नौ नवंबर निर्धारित की गई है। आयोग ने 12 से 15 नवंबर को होने वाली पीसीएस की मुख्य परीक्षा को स्थगित कर दी है। अब यह परीक्षा 28 से 31 जनवरी 2023 को होगी। मा.सि.रि.